**वेतनमान : I)**

क्र.सं. 1 के लिए : पे बैण्ड रु. 15600 - 39100 + ग्रेड पे रु. 7600/- (कुल परिलब्धियां रु. 76000/- प्र.मा. 25% एनपी सहित)

क्र.सं. 2 के लिए : पे बैण्ड रु. 15600-39100 + ग्रेड पे रु. 6600/- (कुल परिलब्धियां रु. 52750 प्र.मा.)

क्र.सं. 3 के लिए : पे बैण्ड रु. 9300-34800 + ग्रेड पे रु. 4200/- (कुल परिलब्धियां रु. 28000/- प्र.मा.)

क्र.सं. 4 के लिए : पे बैण्ड रु. 5200-20200 + ग्रेड पे रु. 1900/- (कुल परिलब्धियां रु. 15500/- प्र.मा.)

क्र.सं. 5 के लिए : समेकित वेतन रु. 50,000/- प्र.मा.

**II)**

क्र.सं. 6 से 11 और 15 के लिए पे **बैण्ड रु. 9300-34800 + ग्रेड पे रु. 4200 (कुल परिलब्धियां रु. 28000/- प्र.मा.)**

क्र.सं. 12 और 14 के लिए : पे **बैण्ड** रु. 5200-20200 + ग्रेड पे रु. 2400/- (**कुल परिलब्धियां रु. 21000/- प्र.मा.**)

क्र.सं. 13 के लिए : पे बैण्ड रु. 5200-20200 ग्रेड पे रु. 2000/- (कुल परिलब्धियां रु. 16500/- प्र.मा.)

**क्रम सं. 5 के सिवाय** उक्त सभी पदों पर सामान्य भत्ते ग्राह्य है वे अन्य भत्तों जैसे छुट्टी यात्रा छूट, बाल शिक्षा भत्ता, अपडेट भत्ता, दक्षता संबंधी प्रोत्साहन जो भी टाटा मेमोरियल सेंटर के स्टाफ को लागू हो के भी हकदार होंगे.

**सामान्य शर्तें**

निर्धारित प्रपत्र में आवेदन दाएं शीर्ष पर नवीन पासपोर्ट आकार **का फोटोग्राफ लगाकर प्रमाणपत्रों** की सत्यापित प्रतियां और अप्रतिदेय डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर चैक के साथ **वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, एडवांस्ड सेंटर फॉर ट्रीटमेंट, रिसर्च एण्ड एजुकेशन इन कैंसर, सेक्टर -22,खारघर,नवी मुंबई-410210** के पास अग्रेपित किए जाने चाहिए जो **31 दिसंबर 2011** तक या इससे पहले पहुंच जाने चाहिए. केन्द्र/राज्य सरकार/अन्य सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में कार्यरत व्यक्तियों को उचित माध्यम से अपने आवेदन जमा करने चाहिए.

उक्त निर्धारित योग्यताएं और अनुभव न्यूनतम हैं और केवल इनको धारण करने मात्र से कोई उम्मीदवार साक्षात्कार में बुलाए जाने का हकदार नही हो जाता जहां विज्ञापन के प्रत्युत्तर में प्राप्त आवेदन की संख्या अधिक होगी, तो साक्षात्कार के लिए सभी उम्मीदवारों को बुलाना केन्द्र के लिए सुविधाजनक या संभव नही होगा, तो विज्ञापन में न्यूनतम निर्धारित से अधिक योग्यताओं और अनुभव के आधार पर उम्मीदवारों की संख्या उपयुक्त सीमा तक सीमित की जा सकती है. पद के लिए किसी भी प्रकार का पक्ष प्रचार अयोग्यता माना जाएगा.

साक्षात्कार के लिए बुलाए गए अजा/अजजा/शारीरिक विकलांग वर्ग के उम्मीदवारों को भारत में उनके सामान्य निवास स्थान से सबसे छोटे मार्ग से द्वितीय श्रेणी के आने जाने के रेल किराए (राजधानी/शताब्दी/जन-शताब्दी ट्रेनों को छोड़कर) की प्रतिपूर्ति की जाएगी केवल यात्रा की श्रेणी का उल्लेख करते हुए टिकट/प्रमाण प्रस्तुत करने पर.

यह आवश्यक नहीं है कि सभी विज्ञापित पदों को भरा जाए. केन्द्र चयन समिति की सिफारिशों पर उम्मीदवार की योग्यताओं और अनुभव पर निर्भर करते हुए उपलब्ध पद को अपग्रेड या डाउनग्रेड कर सकता है, आपवादिक रूप से प्रतिभाशाली उम्मीदवारों के मामले में नियमानुसार आयु सीमा, अनुभव में छूट दी जा सकती है. चयन समिति द्वारा अग्रिम वेतनवृद्धि प्रदान कर उच्च प्रारंभण पर भी विचार किया जा सकता हैं. यदि कोई उम्मीदवार केन्द्र के कर्मचारी से संबंधित है, तो उसे विवरणों सहित अपने आवेदन में इसका स्पष्ट रूप से उल्लेख करना चाहिए. विस्तृत सूचना के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.actrec.gov.in देखें.

**एस कुमार**

**रो.प्र. 36/100** **वरि प्रशासनिक अधिकारी**